# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: २०२२-२०२३**

| कक्षा:-चार | विषय: हिंदी | पाठ: ११ प्राकृतिक आपदा- भूकंप |
|---|---|---|

## कठिन शब्द

१. भूकंप

२. ज्वालामुखी

३. सूनामी

४. अनावृष्टि

५. भूस्खलन

६. प्रकोप

७. आपदाएँ

८. क्रियाकलापों

९. स्थितियाँ

१०. निर्ममता

११. बुज़ुर्गों

१२. भू- पृष्ठ

१३. मेंटल

१४. प्लेट

१५. झकझोर

१६. असमर्थ

१७. पूर्वानुमान

१८. वैज्ञानिक

१९. क्षति

२०. सचेत

**प्रश्न/उत्तर**

**प्रश्न १. प्राकृतिक आपदाएँ कौन-कौन सी है?**

**उत्तर:- भूकंप ,ज्वालामुखी का फटना, बादलों का फटना, सुनामी, बाढ़, अनावृष्टि ,सूखा और भूस्खलन प्राकृतिक आपदाएँ हैं।**

**प्रश्न २:- भूकंप के बारे में अमेरिकी लोगों का क्या मानना है?**

**उत्तर:- कुछ अमरीकी लोग मानते हैं ,कि धरती के नीचे एक विशालकाय ह्वेल मछली है| जब वह मछली करवट बदलती है तब धरती काँपने लगती है|**

**प्रश्न ३:- भूकंप के बारे में वैज्ञानिकों को अभी भी क्या खोजना बाकी है?**

उत्तर:- भूकंप आने का पूर्वानुमान लगाने के लिए वैज्ञानिकों को अपनी खोज करनी है|

प्रश्न ४:- मेंढक के बारे में लेखक के मित्र ने उनको क्या बतलाया था?

उत्तर:- मेंढक के बारे में लेखक के मित्र ने उनको बताया कि, भगवान ने इस धरती को बनाकर उसे एक मेंढक की पीठ पर रख दिया है। जब- जब वह मेंढक फुदकना चाहता है ,तब -तब धरती काँपने लग जाती है।

प्रश्न ५:- मेंटल किसे कहते हैं?

उत्तर:- भू -पृष्ठ के नीचे लगभग दो सौ किलोमीटर का भाग नरम है, जिसे मेंटल कहा जाता है|

प्रश्न६:- किन क्षेत्रों में भूकंपरोधी मकान बनाने की सलाह दी जाती है?

उत्तर:- जिन क्षेत्रों को भूकंप की दृष्टि से खतरनाक समझा जाता है, उन क्षेत्रों में भूकंपरोधी मकान बनाने की सलाह दी जाती है

## वाक्य प्रयोग

१. विशालकाय- बहुत बड़े आकार का

डायनोसोर एक विशालकाय जानवर था।

२. अनावृष्टि- बहुत कम बारिश होना

अनावृष्टि के कारण इस साल फसल प्रभावित हुई है|

३. पूर्वानुमान - पहले से अनुमान लगाना

मौसम विभाग मौसम में होने वाले परिवर्तनों का पूर्वानुमान लगा लेता है|

४. क्षति- हानि

रामलाल को व्यापार में बहुत क्षति हुई|

५. असमर्थ- किसी काम को नहीं कर पाना

कार्तिक शान द्वारा दिए गए कार्य को करने में असमर्थ रहा|

## रिक्त स्थान

१. भूकंप का सीधा- सा अर्थ होता है- धरती का काँपना|

२. धरती हमारी जननी है, यह हमारा पालन -पोषण करती है|

३. धरती की सतह के नीचे लगभग एक सौ किलोमीटर तक के सख्त भाग की ऊपरी परत को भू- पृष्ठ कहते हैं|

४. भू-पृष्ठ कई टुकड़ों में बँटा है, जिन्हें प्लेट कहा जाता है।

५. मकानों और ऊँची इमारतों के ढहने से लोग मलबे के नीचे दब जाते हैं।